प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मारवाड दौरे पर–आज जालौर और **बालोतरा में** विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- वायु सेना ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्सें में तीन दिन का सैन्य अभ्यास शुरू किया।
- हरियाली अमावस्या पर आज प्रदेशभर में धार्मिक उल्लास–पौधे लगाकर धरती का श्रृंगार किया जा रहा है ।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ वार्ता करेंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के सरकारी निवास पर होने वाली ये बातचीत मुख्य रूप से दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को नई गति देने पर केन्द्रित होगी। इससे पहले श्री मोदी दो दिन की यात्रा पर कल रात ब्रिटेन पहुंचे। उनकी यात्रा का उद्देश्य रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध मजबूत करना है। यात्रा के दौरान भारत– ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स आज दोनों प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी कल लंदन से मालदीव जाएंगे। श्री मोदी शनिवार को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे।

0000

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–2025 की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित होगा। यह नीति एक प्रमुख सुधार पहल है जिससे अगले दो दशक तक भारत का सहकारिता आंदोलन निर्देशित होगा। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार नई नीति का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण और इसे सहकार से समृद्धि लक्ष्य के अनुरूप बनाना है। यह नीति जमीनी स्तर पर विकास को बढ़ावा देने की कार्ययोजना का आधार बनेगी और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में सहकारी संस्थाओं की भूमिका बढ़ाएगी।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जोधपुर के खेजडली धाम को पर्यावरणीय चेतना का तीर्थ बताते हुए कहा है कि ये स्थान भावी पीढियों को प्राकृतिक संतुलन और सामाजिक सहयोग का संदेश देता है। अपने जोधपुर दौरे के दौरान कल राज्यपाल ने खेजडली के पर्यावरण शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान लोगों को प्रकृति की रक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी के साथ सांस्कृतिक कर्तव्य का बोध कराता है। इस दौरान राज्यपाल ने गुरू जम्भेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की और खेजडी का पौधा लगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यपाल ने जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय के करवड स्थित संविधान पार्क में स्वामी विवेकानंद और सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद किया और अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने प्रकृति संरक्षण में प्राण न्योछावर करने वाली अमृता देवी के बलिदान को याद करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण का रोल मॉडल बताया। राज्यपाल का आज जालौर और बालोतरा जिलों के दौरे का कार्यक्रम है। वे दोनो जगह जिलाधिकारियों की बैठक लेंगे और गणमान्य लोगों से मुलाकात करेंगे।

0000

राज्य सरकार ने 400 किलोवाट और उससे अधिक क्षमता की नई ट्रांसमिशन लाइनों के बिछाने में पथाधिकार यानि आरओडब्ल्यू के बदले किसानों को मिलने वाले मुआवजे में बदलाव किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आरओडब्ल्यू से प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा देने के लिए संशोधित नीति मंजूर की है। नई नीति के अनुसार इन लाइनों के टावर के आधार क्षेत्र के लिए डीएलसी दरों के अनुसार भूमि मूल्य पर पहले से दिये जा रहे 200 प्रतिशत के अलावा अब 200 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और

दिया जायेगा। इसके अलावा कॉरिडोर के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि मूल्य का 30 प्रतिशत, नगर पालिका और शहरी नियोजन क्षेत्रों के लिए 45 प्रतिशत तथा नगर निगमों और महानगरीय क्षेत्रों में भूमि मूल्य का 60 प्रतिशत मुआवजा राशि दी जाएगी। ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि संशोधित नीति से किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा।

0000

वायु सेना ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्सें में पाकिस्तान से लगती सीमा पर तीन दिन का सैन्य अभ्यास शुरू किया है। कल से शुरू हुए इस अभ्यास के तहत राफेल, सुखोई–30, मिराज 2000 और जगुआर जैसे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों के साथ अन्य विमान भी शामिल हो रहे हैं। वायुसेना ने बताया कि इस अभ्यास में जटिल रात्रिकालीन ऑपरेशन भी शामिल होंगे। ये एक पूर्व–नियोजित और नियमित प्रशिक्षण अभियान बताया जा रहा है, जिसका उद्देश्य हवाई और ज़मीनी दोनों तरह के लक्ष्यों सहित विभिन्न युद्ध परिदृश्यों का अनुकरण करना है। वायु सेना ने सैन्य अभ्यास के चलते नोटम जारी किया है। नोटम तब जारी किया जाता है, जब किसी विशिष्ट हवाई क्षेत्र को नागरिक हवाई यातायात से मुक्त करने की आवश्यकता होती है। हाल ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमा पार से हुए ड्रॉन हमलो को देखते हुए ये युद्धाभ्यास अहम माना जा रहा है।

0000

आज हरियाली अमावस्या है। आमजन को प्रकृति से जोडने के लिए भारतीय संस्कृति में आज का दिन महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर धार्मिक स्थलों और मंदिरों में परम्परागत रूप से विशेष अनुष्ठान हो रहे है। प्रदेश के पवित्र सरोवरों में आमजन आस्था की डुबकी लगा रहे है। कई जगह मेले लगाये गये है। उदयपुर में हरियाली अमावस्या का दो दिवसीय मेला आज से आयोजित हो रहा है। नगर निगम द्वारा लगाये गये मेले में 600 से अधिक स्टाले लगायी गयी है। पाली में इस अवसर पर भेरूघाट मंदिर में विशेष आयोजन रखा गया है। सवाई–माधोपुर में भी हरियाली अमावस्या पर पारंपरिक रूप से मंदिरों में ठाकुर जी को हरे और लहरिया वस्त्र धारण करवाए गए हैं। वहां त्रिवेणी संगम पर लोग सुबह से ही धार्मिक स्नान कर रहे है। कोटा में भी इस मौके पर परम्परागत रूप से बहन बेटियों की खातिरदारी की जा रही है। कई जगह लहरिया उत्सव के सामूहिक आयोजन हो रहे है। अजमेर के पुष्कर में तडके से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। हरियाली अमावस्या पर प्रदेश में कई जगह वृक्षारोपण के सामूहिक आयोजन भी हो रहे है। ब्यावर जिले में परम्परागत रूप से लोग आज के दिन पौधे लगाकर धरती का श्रृंगार कर रहे है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में रखा गया है। जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने लोगों से वृक्षारोपण कार्यकम में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

.....

0000

प्रदेश में दो दिन बाद फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होने का पूर्वानुमान है। बंगाल की खाड़ी में आज से एक नये लो–प्रेशर एरिया बनने से 26 जुलाई से फिर से बारिश की गतितिविधयों में तेजी आने की संभावना है। इस सिस्टम का सबसे ज्यादा प्रभाव 27 से 29 जुलाई के बीच रहेगा। इस बीच बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश बारां के अटरु में 64 मिलीमीटर रिकॉर्ड हुई। इसके अलावा हाडोती के अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश हुई। झालावाड़ में भीमसागर बांध के दो और करौली के पांचना बांध के दो गेट खोलकर पानी छोड़ा गया। टोंक में बीसलपुर बांध में जलस्तर 315.40 आरएल मीटर पहुंच गया है। प्रशासन ने बांध के गेट खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। पाली जिले के 14 बांध ओवरफ्लो गये है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के सबसे बडे जवाई बांध में पानी की आवक जारी है।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी।

**000**